नो निगेटिव न्यूज़ दैनिक भास्कर हर सोमवार
कल नो निगेटिव न्यूज़ के साथ करें नए सप्ताह की पॉजिटिव शुरुआत
आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार
दैनिक भास्कर SUNDAY
झुंझुनूं, 20 अक्टूबर, 2024
कार्तिक, कृष्ण पक्ष-3, 2081
आज 38 पेज
मूल्य | ₹ 5.00 (रसरंग आज)
12 राज्य | 61 संस्करण
शेखावाटी भास्कर
dainikbhaskar.com

सीएसआईआर-सीरी में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर लगाया

पिलानी. आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में जांच करवाते कर्मचारी।

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

9वें राष्ट्रीय आयुर्वेद उत्सव के उपलक्ष्य में सीएसआईआर-सीरी में आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर व औषधि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयुर्वेद विभाग झुंझुनूं के सहयोग से आयोजित शिविर में आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. रमेश कुमार शर्मा, ब्लॉक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. जगदीश चौधरी, डॉ. निशा व डॉ. रमेश पी जाजू ने सेवाएं दी। शिविर का 125 से अधिक लोगों ने लाभ लिया और औषधियां प्राप्त की। सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने चिकित्सा शिविर एवं औषधि वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा देश भर में 30 सितंबर से 29 अक्टूबर तक राष्ट्रीय आयुर्वेद उत्सव मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार रखी गई है। इसका उद्देश्य आयुर्वेद के माध्यम से प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों को जन-जन तक पहुंचाना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। डॉ. पंचारिया ने अतिथियों को सम्मानित किया। प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण ने धन्यवाद ज्ञापित किया।